# साउथ/नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड

**विषयः– मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना (MVUSY) का विस्तार – सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक पूर्ण अनुदान पर निःशुल्क बिजली।**

## प्रश्नोत्तर (संभावित प्रश्न और उत्तर)

**1. इस योजना के अंतर्गत क्या–क्या मुफ्त मिलेगा?**

प्रति माह 125 यूनिट तक बिजली पूरी तरह मुफ्त मिलेगी – इसमें ऊर्जा शुल्क (Energy Charge), फिक्सड चार्ज (Fixed Charge) और बिजली शुल्क (Electricity Duty) तीनों शामिल हैं।

**2. यदि कोई उपभोक्ता 126 यूनिट उपयोग करता है तो क्या होगा?**

पहले 125 यूनिट पूरी तरह मुफ्त होंगे। अतिरिक्त 1 यूनिट पर पूर्व से लागू अनुदान दर से बिल बनेगा, साथ ही उसी 1 यूनिट पर Electricity Duty लिया जाएगा एवं फिक्सड चार्ज उठे हुए भार अथवा स्वीकृत भार का 75 प्रतिशत दोनो में से जो अधिक हो पूरे विपत्रित अवधि के लिए भारित होगा। 125 यूनिट से अधिक खपत होने पर एवं स्वीकृत भार से अधिक भार का उपयोग किये जाने पर पूर्व की तरह आधिक्य भार शुल्क भारित होगा।

**3. छूट हेतु 125 यूनिट की गणना कैसे की जायेगी ?**

मसिक खपत यूनिट की गणना 30 दिनों के आधार पर की जाती हैं। उदाहरण स्वरूप :–

- अगर किसी उपभोक्ता का पिछले विपत्र से वर्तमान विपत्र की अवधि 40 दिनों की है एवं उनका खपत 40 दिनों में 200 यूनिट होता है, तो Pro Rata आधार पर (125 X 40)/30 उनको वर्तमान विपत्र

में 167 यूनिट पर कोई शुल्क देय नहीं होगा एवं शेष 33 यूनिट खपत की गणना क्रम संख्या– 2 के अनुसार की जायेगी।

- ➢ अगर किसी उपभोक्ता का पिछले विपत्र से वर्तमान विपत्र की अवधि 25 दिनों की है एवं उनका खपत 25 दिनों में 125 यूनिट होता है, तो Pro Rata आधार पर (125 X 25)/30 उनको वर्तमान विपत्र में 104 यूनिट पर कोई शुल्क देय नहीं होगा एवं शेष 21 यूनिट खपत की गणना क्रम संख्या– 2 के अनुसार की जायेगी।

4. **यदि उपभोक्ता 125 यूनिट से अधिक उपयोग करे तो क्या कोई सब्सिडी मिलेगी?**

   हॉ। 125 यूनिट के बाद भी राज्य सरकार की मौजूदा बिजली सब्सिडी योजना लागू रहेगी।

5. **125 यूनिट से अधिक खपत किये जाने पर किस दर से विपत्रीकरण होगा?**

विद्युत दर तालिका

| उपभोक्ता श्रेणी | | वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए बी0ई0आर0सी0 द्वारा अनुमोदित टैरिफ | | अनुदान | वित्तीय वर्ष 2025–26 में सरकार द्वारा अनुदान के बाद लागू टैरिफ | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | यूनिट | फिक्सड चार्ज | ऊर्जा शुल्क | ऊर्जा शुल्क | फिक्सड चार्ज | ऊर्जा शुल्क |
| | | | | | | |
| घरेलू | | | रू0/के0 डब्लू0एच0 | रू0/के0 डब्लू0एच0 | | रू0/के0 डब्लू0एच0 |
| कुटीर ज्योति (बी0पी0एल0) | 0-125 | 20 रू0/विद्युत संबंध /माह | 7.42 | 7.42 | 0 | 0 |
| | 125 यूनिट से अधिक | | 7.42 | 4.97 | 20 रू0/विद्युत संबंध /माह | 2.45 |
| घरेलू–1 (ग्रामीण) | 0-125 | 40 रू0/किलोवाट और उसका भाग /माह | 7.42 | 7.42 | 0 | 0 |
| | 125 यूनिट से अधिक | | 7.42 | 4.97 | 40 रू0/किलोवाट और उसका भाग /माह | 2.45 |
| घरेलू–2 (शहरी–माँग आधारित) | 0-125 | 80 रू0/किलोवाट और उसका भाग /माह | 7.42 | 7.42 | 0 | 0 |
| | 125 यूनिट से अधिक | | 8.95 | 3.43 | 80 रू0/किलोवाट और उसका भाग /माह | 5.52 |
| घरेलू–3 (शहरी–माँग आधारित) | 0-125 | 80 रू0/किलोवाट और उसका भाग /माह | 9.03 | 9.03 | 0 | 0 |
| | 125 यूनिट से अधिक | | 9.03 | 3.61 | 80 रू0/किलोवाट और उसका भाग /माह | 5.42 |

**6. क्या पुराने बकाया बिल (एरियर्स) भी माफ होंगे?**

नहीं। जुलाई 2025 से पहले की बकाया राशि उपभोक्ता के द्वारा देय होगी।

**7. क्या इस योजना से जुड़ने के लिए कोई शर्त है?**

पूर्व से ही विद्युत विपत्र पर राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत अनुदान दिया जा रहा है। विस्तारित योजना 125 यूनिट प्रतिमाह खपत तक निःशुल्क बिजली के पात्र सभी घरेलू उपभोक्ता होगें। यद्यपि उपभोक्ताओं को अगले तीन वर्षों में 1.1 किलोवॉट सौर संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिसमें :–

- कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा पूर्ण वित्तीय सहायता दी जायेगी एवं
- अन्य घरेलू उपभोक्ताओं को भी अतिरिक्त सब्सिडी हेतु प्रावधान किया जायेगा।

**8. यदि कोई उपभोक्ता सोलर नहीं लगाता तो क्या उसे लाभ बंद हो जाएगा?**

नहीं। लेकिन तीन वर्ष के अन्दर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा, जिसके लिए एक सहमति आधारित कार्यप्रणाली तैयार की जाएगी।

**9. 1.1 किलोवॉट सोलर संयंत्र प्रति माह कितनी बिजली उत्पन्न करता है?**

उचित रख–रखाव किये जाने पर 1.1 किलोवॉट सौर ऊर्जा संयंत्र से लगभग 125 यूनिट प्रतिमाह बिजली का उत्पादन होगा।

**10. क्या यह योजना केवल ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए है?**

नहीं। यह योजना शहरी और ग्रामीण सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए है– पूरे बिहार के लिए सार्वभौमिक योजना।

**11. उपभोक्ता को कैसे पता चलेगा कि उसे कितनी सब्सिडी मिली?**

बिजली बिल में "राज्य सरकार का अनुदान" शीर्षक के अंतर्गत कुल सब्सिडी की जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होगी। इसमें शामिल होगा :

- 125 यूनिट तक की पूरी सब्सिडी
- यदि अधिक खपत हो, तो अतिरिक्त सब्सिडी (उपभोक्ता वर्ग के अनुसार)

**12. एक ही घर में तीन फ्लोर है, यहां एक ही मीटर से बिजली की आपूर्ति होती है, ऐसे में लोग हर फ्लोर के लिए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन करेंगे, सरकार ऐसे में क्या कनेक्शन बढ़ाएगी? क्योंकि लोग धड़ल्ले से अलग–अलग परिवार के सदस्यों के नाम से मीटर के लिए अप्लाई करेंगे, सरकार ऐसे में क्या करेगी?**

अलग से नये विद्युत संबंध हेतु योग्य आवेदकों की पात्रता के लिए प्रक्रिया का निर्धारण किया जा रहा है।

**13. एक निजी घर है। उसमें दस किरायेदार रहते हैं, ऐसे किरायेदार के लिए सब मीटर लगा होता है, उन्हें सरकार की इस छूट का फायदा कैसे पहुंचेगा?**

यदि किरायेदार SBPDCL/NBPDCL वैध उपभोक्ता है तो उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा।

**14. सरकार के लिए योजना का लाभ स्मार्ट मीटर, जिनका हर दिन यूनिट कैल्कुलेट होता है, जिन लोगों ने एडवांस पैसे जमा कर दिए हैं, उन्हें इस योजना का लाभ कब से मिलेगा?**

माह जुलाई, 2025 में 125 यूनिट तक के खपत की कटौती का समायोजन उनके अगले विपत्र में कर दिया जाएगा।

**15. स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक खपत का लाभ कैसे दिया जायेगा?**

प्रत्येक माह के पहली तारीख से जबतक 125 यूनिट तक का खपत होगा तबतक कोई दैनिक शुल्क की कटौती नहीं की जायेगी। माह के दौरान 125 यूनिट के बाद के खपत पर ऊर्जा शुल्क एवं Electricity Duty की दैनिक कटौती की जायेगी तथा फिक्सड चार्ज की कटौती (125 यूनिट के खपत होने के पश्चात्) क्रम संख्या – 2 के अनुसार मासिक विपत्र में की जायेगी।

साथ ही यदि किसी उपभोक्ता का दैनिक आधार पर बकाया की राशि की कटौती हो रही है तो वह कटौती पूर्व की भाँति होती रहेगी।

**16. वर्तमान में जो घरेलू उपभोक्ता सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित किये है उनको इस योजना का लाभ कैसे मिलेगा?**

वर्तमान प्रचलित योजना अन्तर्गत जो उपभोक्ता सौर ऊर्जा संयंत्र अधिष्ठापित किये हुए है या करेंगें, उन्हें उनके विपत्रीकरण अवधि के दौरान वितरण कम्पनी से ली गई बिजली (Import) में से उनके द्वारा वितरण कम्पनी को दी गई बिजली (Export) को घटाते हुए शेष बचे हुए यूनिट पर 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली का लाभ मिलेगा।